# मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)
कार्यालय – तृतीय तल, बीज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

## विज्ञापन

मध्यप्रदेश राज्य आजीविका फोरम के अन्तर्गत मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना – राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में राज्य/जिला स्तर के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु अभ्यर्थियों से निम्न पदों पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

अ/ राज्य स्तर

| क्र. | पद | कुल पदों की संख्या | अनारक्षित |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) | 1 | 1 |
| 2 | लेखापाल | 1 | 1 |
| 3 | कैशियर | 1 | 1 |
| | कुल | 3 | |

ब/ जिला स्तर

| क्र. | पद | पदों की सं. | अनारक्षित | अनारक्षित महिला | अ.पि.वर्ग | अ.पि.वर्ग (महिला) | अ.जा. | अ.जा. (महिला) | अ.ज.जा | अ.ज.जा. (महिला) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला परियोजना प्रबंधक | 19 | 2 | 5 | 2 | 0 | 3 | 2 | 3 | 2 |
| 2 | जिला प्रबंधक– कृषि | 23 | 3 | 5 | 1 | 2 | 3 | 2 | 5 | 2 |
| 3 | सहायक जिला प्रबंधक– सामुदायिक प्रशिक्षण | 17 | 4 | 2 | 0 | 2 | 3 | 0 | 6 | 0 |
| 4 | जिला प्रबंधक–मूल्यांकन एवं अनुश्रवण | 17 | 4 | 5 | 1 | 1 | 2 | 0 | 4 | 0 |
| 5 | जिला प्रबंधक– कौशल उन्नयन एवं रोजगार | 19 | 7 | 6 | 1 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0 |
| 6 | जिला प्रबंधक–सूक्ष्म वित्त | 19 | 6 | 3 | 2 | 2 | 0 | 2 | 2 | 2 |
| 7 | जिला प्रबंधक – लघु उद्यमिता विकास | 18 | 1 | 4 | 1 | 2 | 2 | 2 | 5 | 1 |
| 8 | सहायक जिला प्रबंधक–वित्त | 16 | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 | 4 | 2 |
| | कुल | **148** | **28** | 33 | 9 | 12 | 17 | 9 | 31 | 9 |

**उपरोक्त पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।** वर्णित पद हेतु नियुक्ति मिशन अंतर्गत राज्य स्तर पर मुख्यालय भोपाल एवं जिला स्तर पर पद की रिक्तता के आधार पर की जायेगी।

**आयु सीमा : अभ्यर्थी की आयु सीमा 31 मार्च 2017 को 55 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।** ऑनलाइन आवेदन **http://www.prd.mp.gov.in/NRLM/** एवं **http://www.mpsrlm.org के होम पेज** के माध्यम से **दिनांक 03.06. 2017 तक सायं 5:30 बजे** तक प्रस्तुत किया जा सकता है। मानदेय, विस्तृत विवरण, ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य सभी निर्धारित अनुलग्नक आदि राज्य आजीविका फोरम की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

15/5/17

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

स / मानदेय :

जिला परियोजना प्रबंधक– रु. 50000 / –, जिला प्रबंधक–रु. 32000 / –, सहायक जिला प्रबंधक–रु. 23000 / –, लेखापाल एवं कैशियर –रु. 16000 / –

द / **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभवः –**

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| **राज्य स्तर** | | | |
| 1 | सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ एम.बी.ए. (एच.आर.) | संबंधित क्षेत्र में 05 वर्ष का कार्यानुभव। प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |
| 2 | लेखापाल | बी.कॉम / एम.काम. डिग्री / एम.बी.ए. (वित्त) एवं टेली सॉफ्टवेयर का ज्ञान | संबंधित क्षेत्र में 03 वर्ष का कार्यानुभव |
| 3 | कैशियर | बी.कॉम / एम.काम. डिग्री / एम.बी.ए. (वित्त) एवं टेली सॉफ्टवेयर का ज्ञान | संबंधित क्षेत्र में 03 वर्ष का कार्यानुभव |
| **जिला स्तर** | | | |
| 1 | जिला परियोजना प्रबंधक | **क.** न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ एमबीए (ग्रामीण प्रबंधन) / एम.ए. (समाजशास्त्र / अर्थशास्त्र) / एम.एस. डब्लू. अथवा समकक्ष। | **क.** कम से कम 07 वर्ष तक ग्रामीण क्षेत्र (स्व–सहायता समूह, ग्राम संगठन / गरीबी उन्मूलन / आजीविका संवर्धन) में कार्य करने का अनुभव। |
| | | अथवा | |
| | | **ख.** न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातकोत्तर। | **ख.** कम से कम 07 वर्ष तक गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रमों / योजनाओं में जिला स्तर पर कार्य करने का प्रबंधकीय अनुभव। |
| | | **नोटः उपरोक्त में से अ.क्र. "ख" को weightage दिया जाएगा।** | |
| 2 | जिला प्रबंधक–कृषि | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ एमएससी(कृषि) / एमबीए (एग्री बिजनेस) / कृषि संबंधी विषय में स्नातकोत्तर मान्यता प्राप्त संस्थान से | संबंधित क्षेत्र में 3 वर्ष का अनुभव जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |
| 3 | जिला प्रबंधक– कौशल उन्नयन एवं रोजगार | किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातकोत्तर अथवा स्नातक के साथ प्रबंधन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा समकक्ष डिग्री मान्यता प्राप्त संस्थान से | संबंधित क्षेत्र में 3 वर्ष का अनुभव जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |
| 4 | जिला प्रबंधक–सूक्ष्म वित्त | किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातकोत्तर अथवा स्नातक के साथ प्रबंधन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा समकक्ष डिग्री मान्यता प्राप्त संस्थान से | संबंधित क्षेत्र (सूक्ष्म वित्त, माइक्रो क्रेडिट अथवा माइक्रो सेविंग के क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता) में 3 वर्ष का अनुभव जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |
| 5 | जिला प्रबंधक – लघु उद्यमिता विकास | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एमबीए (मार्केटिंग / ग्रामीण प्रबंधन) | मार्केटिंग इंटरप्राइजेस अथवा ग्रामीण उत्पादों के विपणन के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 6 | जिला प्रबंधक– मूल्यांकन एवं अनुश्रवण | किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातकोत्तर अथवा स्नातक के साथ प्रबंधन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा समकक्ष डिग्री मान्यता प्राप्त संस्थान से | मूल्यांकन एवं अनुश्रवण के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव। जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |
| 7 | सहायक जिला प्रबंधक– सामुदायिक प्रशिक्षण | किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातकोत्तर अथवा स्नातक के साथ प्रबंधन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा समकक्ष डिग्री मान्यता प्राप्त संस्थान से | ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक संस्थाओं में प्रशिक्षण के क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का कार्यानुभव। जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधकीय कार्य करने वाले को **weightage** दिया जाएगा। |
| 8 | सहायक जिला प्रबंधक– वित्त | एम.काम. डिग्री/एम.बी.ए. वित्त एवं टेली सॉफ्टवेयर का ज्ञान | वित्त के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव |

## ई/ महत्वपूर्ण निर्देश –

1. विज्ञापन अनुसार निर्धारित योग्यता की पूर्ति करने वाले **इच्छुक अभ्यर्थी** अपना आवेदन ऑनलाइन (**वेबसाइट http://www.prd.mp.gov.in/NRLM/ के होम पेज** पर प्रशिक्षण/रिक्तियां एवं परिणाम सेक्शन में रिक्तियां लिंक पर अथवा **http://www.mpsrlm.org के होम पेज** पर Recruitment पर जाकर भर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की **अंतिम तिथि 03.06.2017 सायं 05:30** तक है। ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव से संबंधित प्रमाण पत्रों एवं जाति प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति स्केन कर संलग्न करते हुये भरा जावे। वांछित शैक्षणिक योग्यता हेतु भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। **संलग्नीकरण अपूर्ण होने की स्थिति में आवेदन निरस्त माना जावेगा।**

2. आवेदन भरते समय किसी भी प्रकार की **तकनीकी समस्या होने पर ही** कार्यालयीन दिवसों एवं कार्यालयीन समय में दूरभाष नं. **0755–2766812** पर संपर्क किया जा सकता है।

3. उपरोक्त प्रक्रियानुसार प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन भरा जाना अनिवार्य है।

4. अनुभव प्रमाण पत्र मान्य किये जाने हेतु साक्षात्कार के समय आवेदक को संबंधित संस्था द्वारा जारी मानदेय पत्रक, टी.डी.एस. कटोत्रा/मानदेय वाउचर की छायाप्रति संबंधित दस्तावेज अथवा मानदेय प्राप्ति के संबंध में न्यूनतम 06 माह का बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि अनुभव प्रमाण–पत्र में किये गये कार्यों के विवरण का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है तो आवेदन के **"Nature of work"** कॉलम में स्वयं आपके कार्यों का स्पष्ट उल्लेख करें। साक्षात्कार के समय अनुभव प्रमाण–पत्र के साथ किये गये कार्यों की प्रमाणित प्रति भी साथ लाना अनिवार्य होगा।

5. विज्ञापित पद सहा. जिला प्रबंधक–वित्त, लेखापाल एवं कैशियर के पदों हेतु संबंधित विषय में लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया जावेगा। अन्य शेष पदों हेतु साइकोमेट्रिक परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। साइकोमेट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया जावेगा।

6. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पद हेतु स्क्रूटनी में प्रावीण्यक्रम में पात्रता धारित करता है तो उक्त अभ्यर्थी की 03 माह के अंतराल में आयोजित सभी पद हेतु एक ही साइकोमेट्रिक परीक्षा ली जावेगी। यदि अभ्यर्थी किसी एक साइकोमेट्रिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो वो 03 माह के अंतराल में आयोजित सभी पद हेतु अपात्र हो जावेगा।

7. अंतिम रूप से चयन होने पर आपकी सेवायें 1 वर्ष हेतु संविदा आधार पर अनुबंध पर ली जावेगी। सेवाएं संतोषप्रद होने पर अनुबंध का पुनः एक वर्ष हेतु नवीनीकरण किया जा सकेगा।

8. विज्ञापन में प्रकाशित रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि/कमी करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश डे–राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

9. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश डे–राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

10. आवेदन पत्र में सही जानकारी देना अभ्यर्थी/आवेदक की पूर्ण जिम्मेदारी होगी। सभी संबंधित जानकारी समय–समय पर राज्य आजीविका फोरम की वेबसाईट एवं आपके ई–मेल पर ही दी जावेगी।

11. अभ्यर्थी की आयु दिनांक 31.03.2017 को 55 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।

12. चयन प्रक्रिया हेतु आवेदनों की स्क्रूटनी का मापदण्ड निम्नानुसार रहेगा :–

| अर्हकारी परीक्षा का प्रतिशत | अंक | पदवार अनुभव | अंक |
|---|---|---|---|
| 70 % एवं अधिक | 50 | जिला परियोजना प्रबंधक हेतु | |
| 70 % से कम एवं 60 % तक | 35 | 07 से 10 वर्ष तक | 25 |
| 60 % से कम एवं 55 % तक | 25 | 10 से 15 वर्ष | 35 |
| | | 15 वर्ष एवं अधिक | 50 |
| | | सहा. राज्य परियोजना प्रबंधक/सहा. जिला प्रबंधक वित्त हेतु | |
| | | न्यूनतम 05 वर्ष | 25 |
| | | 06 वर्ष | 35 |
| | | 07 वर्ष एवं अधिक | 50 |
| | | जिला प्रबंधक/लेखापाल/कैशियर हेतु | |
| | | न्यूनतम 03 वर्ष | 25 |
| | | 04 वर्ष | 35 |
| | | 05 वर्ष एवं अधिक | 50 |
| | | सहा. जिला प्रबंधक (प्रशि.) हेतु | |
| | | न्यूनतम 02 वर्ष | 25 |
| | | 03 वर्ष | 35 |
| | | 04 वर्ष एवं अधिक | 50 |
| | | कुल अधिकतम अंक = 100 | |

**नोट** : वरीयता सूची में 02 या अधिक अभ्यर्थियों में समतुल्य अंक प्राप्त किये जाने की स्थिति में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

5/5/17

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
मध्यप्रदेश डे– राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन